प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 18.01.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :—

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वामित्व योजना के तहत आज उत्तर प्रदेश के 45 लाख से ज्यादा लाभार्थियों समेत 65 लाख से ज्यादा लोगों को वर्चुअली सौंपे संपत्ति कार्ड।
2. प्रधानमंत्री कल आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश—विदेश के लोगों के साथ साझा करेंगे अपन विचार।
3. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज प्रयागराज पहुंचकर पवित्र संगम में लगाई डुबकी : कहा— महाकुंभ, सनातन धर्म की आध्यात्मिकता, वैज्ञानिकता के साथ ही सामाजिक समरसता का है संगम।

और

4. प्रदेश में घने कोहरे के कारण जन जीवन प्रभावित : उत्तर रेलवे ने एक दर्जन से अधिक ट्रेनों को किया निरस्त, हवाई सेवाओं पर भी पड़ा असर।

——————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज स्वामित्व योजना के तहत वर्चुअली उत्तर प्रदेश के 45 लाख से ज्यादा लाभार्थियों समेत 65 लाख से ज्यादा लोगों को संपत्ति कार्ड सौंपे। इनमें राज्य के 29 हजार से ज्यादा गांवों समेत दस राज्यों और दो केन्द्र शासित प्रदेशों के पचास हजार से अधिक गांवों के संपत्ति मालिक शामिल हैं। इस अवसर पर

प्रधानमंत्री ने लाभार्थियों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि संपत्ति के उचित प्रलेखन से बैंकों से ऋण मिल पाएगा और अवैध अतिक्रमण से संरक्षण मिलेगा। बाइट.....

*स्वामित्व योजना से गांव के विकास की प्लानिंग और उस पर अमल अब काफी बेहतर हो रहे हैं आज हमारे पास स्पष्ट नक्शे होंगे तो विकास के काम की प्लानिंग भी सटीक होगी। अब प्रॉपर्टी राइट्स मिलने से ग्राम पंचायत की मुश्किलें भी दूर होगी।*

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने आज के दिन को ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए ऐतिहासिक दिन बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि योजना से ग्रामीण जीवन का कायाकल्प होगा और गांव विकास के मजबूत केंद्र बनेंगे। बाइट.....

*स्वामित्व योजना के साथ हमारी सरकार ने गाँव के लोगों को एक ऐसा सामर्थ दिया है जो भारत के ग्रामीण जीवन का पूरी तरह कया कल्प कर सकता है हमारे गांव , हमारे गरीब सशक्त होंगे तो विक्षित भारत का हमारा सफर भी सुहाना होगा मुझे पूरा विश्वास है कि स्वामित्व जैसी योजनाओं से हम गावों को विकास के मजबूत केंद्र बना पाएंगे।*

इस अवसर पर राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल बाराबंकी में मौजूद रही। उन्होंने कहा कि योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले उन लोगों को सशक्त बनाना है, जिनके पास अपने घरों का कोई कानूनी दस्तावेज नहीं है। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी लखनऊ से घरौनी वितरण कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़े। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कुछ लाभार्थियों को संपत्ति कार्ड सौंपा। वहीं इस कार्यक्रम का प्रदेश के विभिन्न जिलों में सीधा प्रसारण किया

गया। आगरा में घरौनी वितरण कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री प्रोफ़ेसर एसपी सिंह बघेल उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री बघेल ने कहा कि संपत्ति कार्ड योजना को लेकर उत्तर प्रदेश ने बेहतरीन कार्य किया है। बाइट.....

*इसके लैंड रिकार्ड हो जायेंगे भूमि विवाद निपटेगा, अतिक्रमण रूकेगा और अतिक्रमण हटेगा भी और एक ऐसा रिकार्ड है जिसमें जो डिजिलाइट हो गया है उसके कागज खोने पर हमें बार–बार भू राजस्व अधिकारियों के चक्कर भी नहीं लगाने पड़ेंगे मैं प्रधानमंत्री जी का और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद देता हूं एक बात और बता दूं कि देश में बहुत अच्छा काम उत्तर प्रदेश में घरौनी के मामले में हुआ है।*

वाराणसी में योजना के तहत तीन हजार 872 लोगों को घरौनी प्रमाण पत्र मिला। इस अवसर पर कमिश्नरी सभागार में प्रदेश सरकार के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार रवींद्र जायसवाल सहित 300 लाभार्थी भी उपस्थित रहे। लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री का आभार जताया। लाभार्थी बाइट......

*घरौनी मिलने से बहुत फायदा है हमको लोन मिल जायेगा और हमारे पास कोई प्रापर्टी का पेपर नहीं था। अब हमको एक पक्का पेपर हो गया है घरौली मिलने से प्रधानमंत्री श्री मोदी जी को मैं बहुत आभार व्यक्त करता हूं।*

मऊ जिले में प्रदेश के ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री ए. के. शर्मा ने स्वामित्व योजना के तहत प्रापर्टी कार्ड वितरण कार्यक्रम में सहभागिता की। वहीं शामली में यहां प्रदेश के राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप मौजूद रहे। बरेली में प्रदेश सरकार के पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह मौजूद रहे। अंबेडकरनगर

और सुल्तानपुर में भी लाभार्थियों को संपत्ति कार्ड सौंपे गए।

————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपन विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 118वीं कड़ो होगी।

यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, एआईआर न्यूज वेबसाइट और न्यूज ऑन ए आई आर मोबाईल ऐप पर भी प्रसारित किया जाएगा। यह कार्यक्रम एआइआर न्यूज, डीडी न्यूज, पीएमओ और सूचना प्रसारण मंत्रालय के यू ट्यूब चनलों पर उपलब्ध रहेगा। मन की बात कार्यक्रम के हिन्दी में प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी से क्षेत्रीय भाषाओं में इसका प्रसारण किया जाएगा।

————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक

समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

—————————

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में बडी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं और त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगा रहे हैं। आज शाम 6 बजे तक 39 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने पवित्र संगम में डुबकी लगाई। इसी क्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज दो दिवसीय दारे पर प्रयागराज पहुंचे। श्री सिंह ने महाकुंभ पहुंचकर पवित्र संगम में डुबकी लगाई और पूजन अर्चन किया। उन्होंने संगम तट से अक्षयवट, पातालपुरी और बड़े हनुमान जी का दर्शन कर, महाकुम्भ की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यहां सभी जाति पंथ और देशों के लोग एकात्म भाव से आते हैं। उन्होंने कहा कि यह महाकुंभ सनातन धर्म की आध्यात्मिकता, वैज्ञानिकता के साथ ही सामाजिक समरसता का भी संगम है। बाइट......

*मैं मानता हूँ कि भारतीय संस्कृति यों सनातन धर्म की आध्यात्मिक अनुभूति का यह परब है। यो प्राचीन वैदिक खगोलीय गणना पर आधारित है। और यहां सभी जाति पंथ यहां तक की अनेक देशों की लोग भी एकात्मता भाव से आते हैं। और मैं मानता हूँ  और मैं मानता हूँ कि यह गंगा, यमुना, व सरस्वती के साथ सनातन धर्म की आध्यात्मिकता, वैज्ञानिकता और साथी साथ सामाजिक समरसता का भी यह संगम है। जिस यहां के मुख्यमंत्री ने इस महाकुंभ का आयोजन किया है इसके लिए वह सादुआत के पात्र हैं बधाई के पात्र हैं।*

रक्षा मंत्री ने साधु संतो से भी मुलाकात की और सेना के अधिकारियों के साथ महाकुम्भ की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बैठक भी की। वहीं 13 तारीख से शुरू हुए महाकुंभ में कल 17 जनवरी तक सात करोड़ तीस लाख से ज्यादा लोग स्नान कर चुके हैं।

---

प्रयागराज महाकुंभ में स्पेशल ट्रेनों के साथ साथ रेलवे ने श्रद्धालुओं क लिए विशेष चिकित्सा सुविधाएं भी उपलब्ध कराई हैं। रेलवे की तरफ से स्टेशन पर चिकित्सा केंद्र बनाए गए हैं जो ऑब्जर्वेशन रूम के तौर पर हैं। पेश है एक रिपोर्ट......

*रेलवे स्टेशनों पर बने ऑब्जर्वेशन रूम 24 घंटे खुले हुए हैं, ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति में तीर्थयात्रियों को तुरंत उपचार मिल सके। विशेष चिकित्सा केंद्रों में हृदय संबंधित समस्याओं के लिए ईसीजी मशीन, दिल के रुकने पर डिफ़िब्रिलेटर, ऑक्सीजन की कमी को पूरा करने के लिए ऑक्सीजन कॉन्सेन्ट्रेटर और शुगर के मरीजों के लिए ग्लूकोमीटर जैसे उपकरण रखे गए हैं। ऑब्जर्वेशन रूम में सभी प्रकार की व्यवस्था है। ऑब्जर्वेशन रूम में मरीज आ रहे हैं और उनको इलाज भी मिल रहा है। श्रद्धालु इस इंतजाम पर रेलवे का धन्यवाद कर रहे हैं। प्रवीण मिश्र, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज*

---

अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए आज नामांकन पत्रों की जांच की गई। जांच में 4 नामांकन रद्द कर दिए गए। अब केवल 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान में रह गए हैं। उपचुनाव में भाजपा से चंद्रभानु

पासवान और समाजवादो पार्टी के अजीत प्रसाद के बीच सीधा मुकाबला है। उपचुनाव के लिए 5 फरवरी को वोट डाले जाएंगे और 8 फरवरी को मतगणना होगी।

———————

राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश के कई जिलों में घना कोहरा रहने की वजह से जनजीवन प्रभावित रहा। कल भी प्रदेश में घने कोहरे को लेकर यलो अलर्ट जारी है। लखनऊ मौसम केंद्र के वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया कि 22 और 23 जनवरी को राज्य के कुछ क्षेत्रों में बारिश के आसार है। बाइट......

*मॉर्निंग आवर में और रात में हलकी में ठंड रहेगी लेकिन हवाओं का भी चलन रहेगा जिससे थोड़ा बचाओ की जरूरत है आप अपना प्रोटेक्शन रखे कान को ढखे रखे और बारिश की बात करें तो मौसम अभी साफ है हालांकि 22 और 23 तारीख को जो हमारा पश्चिमी उत्तर प्रदेश है, नॉर्थ वेस्ट उत्तर प्रदेश हो, जहाँ पे हलकी फुलकी बुदना बंदे के आसार है।*

वहीं उत्तर रेलवे और पूर्वोत्तर रेलवे की कुछ गाड़ियां भी कोहरे के कारण लेट चल रही हैं। गोरखधाम एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनें देरी से चल रही है। उत्तर रेलवे ने एक दर्जन से अधिक ट्रेनों को निरस्त कर दिया है। वहीं कोहरे का असर उड़ान सेवाओं पर भी पड़ा है।

(समाप्त)